| | | |
|---|---|---|
| | न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>**Nuclear Power Corporation of India Limited**<br>(भारत सरकार का उद्यम A Govt. of India Enterprise)<br>**गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना**<br>**Gorakhpur Haryana Anu Vidyut Pariyojana**<br>गाँव व डाक: गोरखपुर, तह: भुना, जिला: फतेहाबाद, हरियाणा-125047<br>Vill & P.O. Gorakhpur, Teh: Bhuna, Distt: Fatehabad, Haryana - 125047 | |

सं.No:NPCIL GHAVP/PAC/2026/143 दिनांक Date: 28/05/2026

# माह मई-26 के दौरान एनसीसी शिविरों में आयोजित पीए कार्यक्रम पर रिपोर्ट
# Report on PA Programme held at NCC Camps during the month May-26

गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना, एनपीसीआईएल, छात्रों, शिक्षकों, जन प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों एवं आमजनो के बीच जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से समय समय पर सेमिनार तथा अन्य जन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करती रही है।

Gorakhpur Haryana Anu Vidyut Pariyojana, NPCIL has been regularly organizing seminars and other public awareness & outreach programs time-to-time with the objective of creating awareness among students, teachers, public representatives, government officials and public members.

एनपीसीआईएल और एनसीसी की बीच समझौता ज्ञापन के तहत जीएचएवीपी जन-जागरूकता टीम द्वारा एनसीसी कैडेट्स के लिए निम्नलिखित विवरण अनुसार नाभिकीय ऊर्जा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं:

Under the MoU between NPCIL and NCC, the Nuclear Energy Awareness Programmes have been conducted by GHAVP- PA team for NCC Cadets as per following details:

1. पहला व्याख्यान जम्मू के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज से संबंधित 1जे&के बटालियन के एनसीसी कैडेट्स के लिए एनटीए, नागरोटा में दिनांक 05 मई, 2026 को आयोजित किया गया। लगभग 350 जोशीले एवं दृढ़संकल्पी एनसीसी कैडेट्स ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।
   The first lecture was organized on 05th May, 2026 at NTA, Nagrota, Jammu for NCC cadets of 1J&K Bn belongs to various schools & colleges of Jammu. Around 350 nos. vibrant and determined NCC cadets have participated in the programme.
2. दूसरा व्याख्यान हरियाणा के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज से संबंधित 1हरियाणा एयर स्कू. के एनसीसी कैडेट्स के लिए श्री कृष्णा परनामी पब्लिक स्कूल सिवानी, हिसार में दिनांक 26 मई, 2026 को आयोजित किया गया। लगभग 380 जोशीले एवं दृढ़संकल्पी एनसीसी कैडेट्स, अनुदेशकों एवं एनसीसी अधिकारयों ने कार्यक्रम में भाग लिया।
   The Second lecture was organized on 26th May,2026 at Shree Krishana Parnami Public School, Siwani, Hisar for NCC cadets of 1 Haryana Air Sqn belongs to various schools & colleges of Haryana. Around 380nos. vibrant and determined NCC cadets, instructors and NCC officers participated in the programme.

एनसीसी अधिकारी ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के हिस्से के तौर पर नाभिकीय जागरूकता कार्यक्रम के लिए जीएचएवीपी जन जागरूकता समिति के सदस्यों, एनसीसी कैडेटों और शिक्षण स्टाफ का स्वागत किया।

NCC officer welcomed GHAVP Public Awareness Committee members, NCC cadets and teaching staff for nuclear awareness program as part of combined annual training camp.

जीएचएवीपी अधिकारियों द्वारा **"नाभिकीय ऊर्जा, इसके परिप्रेक्ष्य एवं विकिरण"** शीर्षक पर प्रस्तुति के माध्यम से व्याख्यान दिया गया। प्रस्तुति में संधारणीय, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों, देश तथा दुनिया के ऊर्जा परिदृश्यों, परमाणु ऊर्जा की अच्छाइयों, नाभिकीय ऊर्जा के संरक्षा एवं प्रदर्शन पहलुओं के साथ-साथ विकिरण पर तथ्यों को शामिल किया गया। कार्यक्रम की अवधि लगभग 02 घंटे थी।

Lecture through presentation on titled **"Nuclear Energy, its Perspective and Radiation"** was delivered by GHAVP Officers. The presentation covered the aspects on sustainability, clean energy sources, energy scenario of the nation and world, merits of nuclear energy, safety and performance aspects of nuclear power along with facts on radiation. Duration of the program was approx. 02hrs.

सत्रों के दौरान, कैडेट्स को नाभिकीय विज्ञान के मूल सिद्धांतों एवं नाभिकीय विद्युत संयंत्रों के प्रचालन पर व्यापक जानकारी प्राप्त हुई। सीखने के लिए गहरी रुचि व उत्सुकता दिखाते हुए कैडेट पूरे सत्र के दौरान सक्रिय रूप से शामिल रहे । इसके बाद प्रश्न-उत्तर सत्र हुआ, जिसमें नाभिकीय ऊर्जा, हरित स्रोत, संधारणीयता, संरक्षा एवं विविध अनुप्रयोगों के विभिन्न पहलुओं सहित कई मुद्दों पर गहराई से चर्चा की गई । जीएचएवीपी अधिकारियों द्वारा उदाहरण देकर सभी आशंकाओं / प्रश्नों का समाधान प्रस्तुत किया गया। उपस्थित लोगों की अच्छी भागीदारी के साथ सत्र बहुत ही संवादमूलक था।

During the sessions, cadets received a comprehensive briefing on the fundamental principles of nuclear science and the operation of nuclear power plants. The cadets were actively engaged throughout the session, demonstrating a keen interest and eagerness to learn. This was followed with question-and-answer session, wherein a number of issues including different aspects of nuclear energy, green sources, sustainability, safety and diverse applications were discussed in depth. All the doubts / queries were cleared with examples by GHAVP Officials. The session was highly interactive with good participation from the attendees.

कर्नल सुमेर सिंह, कमांडिंग अधिकारी, 1जे&के बटालियन एनसीसी, एवं ग्रुप कैप्टेन दीपक शर्मा, 1 हरियाणा एयर स्क्व्रा., ने नाभिकीय ऊर्जा पर इस तरह की शानदार तथा ज्ञानवर्धक चर्चा करने के लिए जीएचएवीपी प्रबंधन एवं जनजागरूकता समिति, जीएचएवीपी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने देश की बढ़ती बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए विद्युत ऊर्जा के संरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल एवं आर्थिक रूप से व्यवहार्य स्रोत के रूप में नाभिकीय ऊर्जा के उत्पादन के लिए नाभिकीय ऊर्जा के उपयोग की सराहना की।

Col. Sumer Singh, Commanding Officer, 1J&K Bn NCC & Group Captain Deepak Sharma, 1Haryana Air Sqn, thanked GHAVP management & PAC-GHAVP team for delivering such a wonderful & knowledgeable talk on Nuclear Energy. He appreciated the use of Nuclear Energy for producing nuclear power as a safe, environmentally benign and economically viable source of electrical energy to meet the increasing electricity needs of the country.

**अनुलग्नक Annexure-I & II:**

जनजागरूकता कार्यक्रम के दौरान ली गई तस्वीरें।
Photos taken during the Programme.

तैयारकर्ता Prepared by:

28/08/2026

**नीरज गौड़ Neeraj Gaur**
**त.अधि.-एफ (एन. एन.एस.)TO/F(NNS) &**
**सदस्य सचिव पीएसी , Member Secy., PAC**
**गो.हरि.अणु वि.परि GHAVP**


समीक्षा एवं जारीकर्ता Reviewed and issued by:

महेश प्रसाद
28/8/26

**महेश प्रसाद Mahesh Prasad**
**परि.अभि. (सी&आई) एवं अध्यक्ष-पीएसी**
**PE(C&I) & Chairman-PAC**
**गो.हरि.अणु वि.परि, GHAVP**

- परि. निदे., जीएचएवीपी PD, GHAVP
- मु. नि.अभि., जीएचएवीपी CCE, GHAVP
- वैब पृष्ठ, जीएचएवीपी Web page – GHAVP
- वैब पृष्ठ पृथ्वी ,Web page-Prithvi

**Annexure-I (PA lecture on 05.05.2026)**







**Lecture on Nuclear Power and its Perspectives**




**Explanation about Nuclear Power Clean & Safe**



**Group Photo**

**Annexure-II (PA lecture on 26.05.2026)**




**Lecture on Nuclear Power and its Perspectives**




**Explanation about Nuclear Power Clean & Safe by GHAVP Officer (Sh. Sudhir Kumar, SO/E)**